भारत सरकार **लोक सभा**

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय **अतारांकित प्रश्न सं. 685**

<u>दिनांक 26 जून, 2019 को उत्तर दिये जाने के लिए</u>

दुग्ध और कृषि उत्पादों का निर्यात

685. श्री दीपक बैजः
क्या वाणिज्य और उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या भारत ने दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में विश्व में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या भारत की ओर से दुग्ध और कृषि आयात हेतु अपने बाजार खोलने के संबंध में संयुक्त राज्य अमेरिका को कोई प्रस्ताव भेजा गया है; और
(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री
(श्री पीयूष गोयल)

(क) : जी हां । एफएओ रिपोर्ट (फूड आउटलुक, मई 2019) के अनुसार भारत 2015-2017 में विश्व का सबसे बड़ा दुग्ध उत्पादक था ।

(ख) और (ग) जी हां । संयुक्त राज्य अमेरिका को भारत से निर्यात के लिए कृषि उत्पादों अर्थात खाद्य अंगूर, अनानास, पपीता, आलू, शलजम, मूली और मौसमी के लिए संयुक्त राज्य अमेरीका को बाजार पहुंच अनुरोध भेज दिया गया है। वर्तमान में, भारत संयुक्त राज्य अमरीका को दुग्ध उत्पादों अर्थात मक्खन, घी, पनीर का निर्यात करता है ।

*****